THE VERDANT PUBLIC SCHOOL
VPS


# ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
# THE VERDANT PUBLIC SCHOOL

Pre-Nursery to Grade VIII



Based on C.B.S.E. Pattern


MANAGING DIRECTOR
Mohd. Asad
M.: 7500850848


PRINCIPAL
Devendra Kaur


CHAIRMAN
Mohd. Arshad

Sherpur Road, Puranpur (Pilibhit)

# ISHER ACADEMY
School No. 60377 | Affiliated No.: 2130836

An Entirely English Medium Co-Educational Senior Secondary School
Affiliated To C.B.S.E. New Delhi

## ADMISSION OPEN 2025-26



N.C. to 9th & 11th (All Streams)

This makes us Unique

- Spiritual and Interactive atmosphere for learning
- Our Academy focuses on Women Empowerment.
- Well equipped labs (Physics, Chemistry, Biology, Computer and Sports)
- 24x7 Surveillance and full wifi campus
- Activity based learning using Smart Class.
- Special attention on Spoken English
- Educational Trips on international and National level
- Music and Dance classes



BHOPATPUR (SAKARIA) KARANAPUR (PILIBHIT) U.P. 262122
Help Line No. 8006604724, 8859553736
www.isheracademy.in | isheracademy@rocketmail.com | /isheracademy | isher_academy. | /@isheracademy2687

ANM पाठ्यक्रम के लिए विद्यालय में सीधा प्रवेश
GNM में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा (UPGET) अनिवार्य

# संजय गाँधी स्कूल ऑफ नर्सिंग
निकट-गोमती गुरुद्वारा, पूरनपुर (पीलीभीत)

प्रवेश प्रारम्भ
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी व इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारम्भ

12वी. पास छात्राओं हेतु चिकित्सा के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
जिले का प्रथम व सर्वश्रेष्ठ नर्सिंग कालेज

योग्यता
इण्टर उत्तीर्ण
कला, विज्ञान व वाणिज्य
किसी भी वर्ग से



ANM
महिला हैल्थ वर्कर
2 वर्षीय कोर्स

GNM
जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी डिप्लोमा
3 वर्षीय कोर्स

साइंस साइड जरूरी नही



योग्यता
इण्टर उत्तीर्ण
कला, विज्ञान व वाणिज्य
किसी भी वर्ग से

फीस आसान किश्तों में
हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
छात्रवृत्ति सुविधा



50 बेड का स्वयं का अस्पताल
मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 7088187800, 9410464389, 9690733522
Managing Director : R.K. RamPal Mob.: 9719238570
E-mail: sanjaynursing@rediffmail.com
web : - www.sgsnas.in

प्रवेश प्रारम्भ

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.

चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान

- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें

GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)

आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

विशेष सुविधाएं

- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- ICU वेन्टीलेटर सुविधा

सिटी ऑफिस

चन्द्रलोक हॉस्पिटल

दूरबीन विधि द्वारा

- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
- गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन

- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

सम्पर्क करें-

9458882565
9410002566
8859493000

## बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**पूरनपुर, अमृत विचार:** तहसील सभागार में बीएलओ व सुपरवाइजरों को दो पालियों में निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद निर्वाचन से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा कराई गई।

तहसील सभागार में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र की भाग संख्या 1 से 99 तक के बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। भाग संख्या 100 से 203 तक के बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से तहसील सभागार में शुरू हुआ। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने वोट बनाने, शुद्ध करने और विलोपित करने आदि से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीएलओ निर्वाचन आयोग का मुख्य अंग है। उनके पास वोटर्स का पूरा ब्यौरा रहता है। प्रशिक्षण में दोनों शिफ्टों में 203 बीएलओ और 20 सुपरवाइजरों को प्रश्नपत्र देकर दस प्रश्नों की बहुविकल्पीय परीक्षा भी कराई गई। भाग संख्या 204 से 387 तक के बीएलओ-सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 30 जून को होगा। प्रशिक्षण में बीआरसी राजेश कुमार वर्मा, अरुन कुमार प्रजापति, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में भी गूंजेगा पीलीभीत के बाघ मित्रों का डंका

## ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व के जंगल वॉलंटियर्स को सिखाएंगें कामकाज के तौर-तरीके

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी समेत मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉडल खासा मुफीद साबित हो रहा है। विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ मित्र मॉडल को मिली सफलता के बाद अब तक इसे पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में लागू किया जा चुका है। अब जल्द ही पीलीभीत के बाघ मित्र महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व में जाकर वहां के जंगल वालंटियर्स को ट्रेनिंग देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे।

जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। टाइगर रिजर्व बनने के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने बाघ मित्र योजना बनाते हुए जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया। विशेषज्ञों द्वारा

- पीटीआर में मिली सफलता के बाद बाघ मित्र प्रोजेक्ट पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में हो चुका है लागू

इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पदचिन्ह और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी भलीभांति संभाल ली और अपने-अपने क्षेत्रों में दिए गए दायित्वों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। बाघ मित्र प्रोजेक्ट को खासी सफलता मिली।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के मुताबिक शुरुआत में पीटीआर क्षेत्र में बाघ मित्रों की संख्या 60 रखी गई थी, जो अब बढ़कर 120 हो गई है। बाघ मित्रों की सक्रियता का ही परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय इन वन्य जीवों के व्यवहार को समझने लगे हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी देखी जा रही है।

### जंगल वालंटियर्स को सिखाएंगे गुर

पीलीभीत के बाघ मित्रों का दल महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व के जंगल वालंटियर्स को अपने काम करने के तौर-तरीकों से रूबरू कराएंगे। विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि 20 बाघ मित्रों का दल 05 मई को ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व जाएगा। बाघ मित्र वहां के जंगल वॉलंटियर्स को अपनी काम करने के तौर-तरीके सिखाने के साथ जंगल वॉलंटियर्स किस तरह से अपने कामकाज को अंजाम देते हैं, इस बारे में सीखेंगे।

### अमानगढ़ समेत पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में हो चुका है लागू

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र प्रोजेक्ट ने सफलता की ऐसी कहानी गढ़ी कि इसकी गूंज देश के अन्य टाइगर रिजर्व तक जा पहुंची। पीलीभीत के बाघ मित्र प्रोजेक्ट को इस कदर सराहना मिली कि बाघ-तेंदुओं की सुरक्षा एवं निगरानी के मायने से मुफीद पाते हुए इसे दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में भी इस मॉडल से प्रोत्साहित होकर जंगल वालंटियर्स रखे गए हैं। इन सभी को भी पीलीभीत के बाघ मित्रों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। बीते सालों में तंजानियां एवं केन्या से आए वन अफसर भी यहां आकर मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने में मददगार बन रहे बाघ मित्रों से संबंधित प्रोजेक्ट का अध्ययन कर चुके हैं।

> विश्व प्रकृति निधि एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रयास से तैयार किया गया बाघ मित्र प्रोजेक्ट बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी में खासा मददगार साबित हो रहा है। बाघ मित्र प्रोजेक्ट के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसके अन्य संरक्षित वन क्षेत्रों में लागू किया गया है। प्रयास किया जा रहा है कि इसे और भी बेहतर बनाया जाए।
>
> **- नरेश कुमार**, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ

# एकता नगर की गलियों में बिन बारिश जलभराव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एकता नगर कॉलोनी की गलियों में भरा गंदा पानी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** मानसून भले ही अभी नजदीक है, लेकिन एकता नगर की गलियां बिन बारिश के ही जलमग्न हो चुकी हैं। नगरपालिका की लापरवाही के चलते अधूरा नाला निर्माण और जल निकासी की अव्यवस्था ने छह दिन से बदतर हालात बना दिए हैं। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गंदे पानी से संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।

बता दें कि शहर के एकता नगर कॉलोनी से शिवनगर और आईआईटी को मार्ग गुजरा है। नगरपालिका की ओर से इन दिनों नाला सफाई कराई जा रही है। एकता नगर कॉलोनी में नालों की सफाई का कार्य कुछ समय पहले पूर्ण कर लिया गया। इसके बाद ठेकेदार के द्वारा नाला निर्माण का कार्य शुरु कर दिया गया। अवरोध लगाकर पानी की निकासी बंद कर दी गई। जल निकासी न होने के कारण गलियों में गंदा पानी भरना शुरू हो गया। एकता नगर कॉलोनी में गुरुद्वारे वाली गली से लेकर शिवनगर को जाने वाली सड़क तक पानी भरा हुआ है। आलम यह है कि लोगों के घरों तक में गंदा पानी घुसने लगा।

स्थानीय लोगों की मानें तो गलियों में बीते छह दिनों से गंदा पानी भरा हुआ है, जो न केवल चलना मुश्किल कर रहा है, बल्कि इससे दुर्गंध और मच्छरों की भरमार हो गई है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं, जिन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोग संक्रमण की आशंका से भयभीत हैं। बच्चों में पहले से ही फोड़े-फुंसी और खुजली जैसी समस्याएं उभरने लगी हैं, लेकिन इसके बावजूद नगरपालिका की ओर से कोई सफाई या दवा छिड़काव की व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय निवासी नत्थूलाल ने बताया कि कॉलोनी के अंदर हर मोड़ और गली में पानी जमा है, जिससे स्कूली बच्चों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है। जिस तरह से हालात बने हुए हैं, अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो एकता नगर में संक्रमण बीमारियों का खतरा फैल सकता है।

- गंदे पानी से होकर गुजर रहे कॉलोनीवासी, संक्रमण का खतरा
- नगरपालिका की लापरवाही की वजह से आ रही दिक्कत

> एकता नगर कॉलोनी में ठेकेदार के द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है। जहां जल निकासी को बंद करने की वजह से जलभराव हो गया है। इसको लेकर ठेकेदार से ट्यूबेवल के जरिए पानी निकलवाने के लिए कहा गया है। निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। सफाई नायक को सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **-साबिर अली**, सफाई निरीक्षक, नगरपालिका

# बिजली की आंख मिचौली ने शनिवार को भी किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ट्रांसफार्मर का सुधार करते कर्मचारी।

**अमृत विचार:** बिजली की आंख मिचौली नहीं रुक पा रही है। फाल्ट के नाम पर बिजली गुल हो रही है। शनिवार को भी कई बार बिजली गुल हुई। लिहाजा, उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता परेशान होते रहे।

पिछले कई दिनों से बिजली की दिक्कत बनी हुई है। शुक्रवार को दिनभर की आंख मिचौली के बाद रात को भी बिजली परेशान करती रही। निरंजनकुंज कॉलोनी लाइन पर फाल्ट हो गया था। इसके चलते बिजली देर रात 12 बजे चालू हो सकी। इसके बाद शनिवार सुबह दोबारा से दिक्कत गहरा गई।

शनिवार सुबह से ही मोहल्ला आसफजान, डोरीलाल, अशोक कॉलोनी, निरंजनकुंज, एकता नगर कॉलोनी, लाल रोड, मुख्य बाजार आदि में बिजली कई बार गई। हालांकि कुछ ही देर में आती रही। दोपहर करीब 12 बजे मीना बाजार के पास लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इसकी सूचना पर टीम पहुंची और सुधार कराया। इधर, अशोक कालोनी की बिजली गुल हो गई।इसके बाद दोपहर करीब साढ़े 3 बजे बिजली सप्लाई चालू हो सकी। गर्मी के बीच हो रही बिजली कटौती को लेकर लोग परेशान हुए।

- ट्रांसफार्मर और तार में आई दिक्कत

## 110 किसानों को विधायक ने बांटी मिनी किट



**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित केन्द्रीय कृषि बीज भंडार पर शनिवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द ने मिलेट्स योजना एवं तिलहन योजना के तहत मिनिकिट, तिल, बाजरा, ज्वार, रागी, मड़आ, सांवा की110 मिनी किट किसानों को बांटी। विधायक ने गो-आधारित प्राकृतिक खेती पर बल दिया। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों से अपील की गई। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कौशल किशोर ने फार्मर रजिस्ट्री, प्रमाणित बीजों पर अनुदान एवं कृषि यंत्रीकरण योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# इस बारिश भी टूटी पुलिया बनेगी राहगीरों की आफत

संवाददाता, दियोरियाकलां

- एक साल पहले थी टूटी पुलिया, अब बारिश बाद होगा निर्माण



ग्राम पैंतबोझी के पास बीते साल बाढ़ में बही पुलिया। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** इस बार की बारिश में भी पैंतबोझी गांव की जर्जर पुलिया राहगीरों की आफत बनी रहेगी। एक साल से जिम्मेदारों ने सुध नहीं ली। अब बारिश के बाद इसका सुधार कराने की बात कही जा रही है।

बता दें कि पिछले साल मूसलाधार बारिश के बाद नदियां उफनाई और बाढ़ के हालात बन गए थे। इसी बीच बाढ़ से गांव पैंतबोझी के पास बनी पुलिया बह गई थी, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक इसका कोई सुधार नहीं कराया गया। अब मानसून नजदीक है। अब काम शुरू नहीं हो सकता है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बारिश के बाद इसका निर्माण कराने की बात कह रहे हैं। बता दें कि दियोराजपुर से रामनगर जगतपुर जाने वाले मार्ग से पैंतबोझी होकर दौलतपुर होते हुए बरखेड़ा जाने वाले मार्ग पर बनी इस पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद बड़ी संख्या में आबादी प्रभावित है। इसका निर्माण पूर्व में शुरू तो कराया गया लेकिन पुलिया निर्माण की जगह पर पानी भरने से बाधा उत्पन्न हो गई थी। बरखेड़ा जाने के लिए ग्रामीण वैकल्पिक रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। पुलिया के टूटने से दियोराजपुर, उदरहा, रहमान गंज, बढ़ेपुरा, कुसुमा समेत कई गांवों के लोगों को दिक्कत बनी हुई है। पीडब्ल्यूडी के जेई केपी सिंह ने बताया कि पुलिया निर्माण की जगह पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। ऐसे में बारिश के बाद ही काम शुरू किया जाएगा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# स्कूल पहुंचने पर बच्चों का होगा स्वागत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बिलसंडा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हुई बैठक में मौजूद शिक्षक।

**अमृत विचार:** बिलसंडा ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में शनिवार को क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापकों , नोडल अध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला खंड शिक्षाधिकारी शिव शंकर मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों को निर्देश दिए कि वह अपने तैनाती वाले गांव में जागरूकता अभियान में बच्चों की रैली निकालकर आमजन समुदाय को बताएं कि संचारी रोग पर कैसे नियंत्रित करें और उसके बचाव के तरीके क्या हैं। अभिभावकों से संपर्क कर जागरूक करने और जुलाई में तिथि वार कार्य योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

संचारी रोग नियंत्रण के प्रभारी डॉ. अफलाक अहमद ने बताया कि अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। बच्चों को समय-समय पर रैली निकालना है। चित्रकला पेंटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से कार्यक्रम कराए जाएं और अभिभावकों से संपर्क कर जागरूक किया जाए। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि 1 जुलाई से पूर्व विद्यालयों की साफ सफाई कर ली जाए। अभिभावकों से संपर्क कर छात्र उपस्थित पर विशेष ध्यान दें। कहा कि 1 जुलाई को सभी विद्यालय में बच्चों का स्वागत कार्यक्रम होगा। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कक्षा एक से तीन के बच्चों को समारोह पूर्वक पुस्तक वितरण की जाएंगी। अध्यापकों को विद्यालय के 14 रजिस्टर ऑनलाइन करने, टैबलेट का प्रयोग करने, स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

- बिलसंडा में हुई एक दिवसीय कार्यशाला, दिए गए टिप्स
- खंड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों की भी तय की जिम्मेदारी

## कथित आध्यात्मिक गुरु को काले झंडे दिखाने की चेतावनी

**पूरनपुर, अमृत विचार:** पीलीभीत मार्ग पर स्थित स्कूल में 1 जुलाई को आध्यात्मिक कार्यक्रम होने जा रहा है। इसमें कथित आध्यात्मिक गुरु का आएंगे। इस कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के साथ ही लोगों को आमंत्रित भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुरु होने से पहले ही उसका विरोध होने लगा है। अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश सचिव बलजिंदर सिंह ने डीएम को भेजे पत्र में कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले कथित आध्यात्मिक गुरु विवादित हैं। वह नाम बदलकर लोगों को गुमराह करते हैं। किसान नेता बलजिंदर सिंह ने इस कार्यक्रम की अनुमति न देने की मांग की। कहा कि कथित आध्यात्मिक गुरु के कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के पहुंचने की संभावना है। भाजपा नेताओं के पहुंचने पर वह काले झंडे दिखाकर विरोध करेंगे।




# एसपी ने मोहम्मदी में सुनीं समस्याएं संबंधितों को दिए निस्तारण के आदेश

## धौरहरा में एसडीएम-सीओ और ईसानगर में तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस


कोतवाली मोहम्मदी में शिकायतें सुनते एसपी संकल्प शर्मा। ● अमृत विचार


धौरहरा में फरियादियों को सुनते एसडीएम शशिकांत मणि। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मोहम्मदी कोतवाली में एसपी संकल्प शर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर संबंधित से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण किए जाने के लिए निर्देश दिए।

धौरहरा। थाना समाधान दिवस एसडीएम शशिकांत मणि और सीओ शमशेर बहादुर सिंह और ईसानगर में तहसीलदार आदित्य विशाल प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। दोनों थाना दिवसों में ज्यादातर मामले भूमि संबंधित आए जिस पर राजस्व और पुलिस टीम गठित कर निस्तारण के लिए कहा गया। साथ ही एसडीएम शशिकांत मणि ने सभी लेखपालों और हल्का इंचार्जों को मोहर्रम में कोई भी विवाद की स्थिति से अवगत कराने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा एवं राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

### आई छह शिकायतें, दो का हुआ निस्तारण

**पसगवां।** एसडीएम अवनीश कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की छह शिकायतें आईं। थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर व क्षेत्रीय लेखपाल भी उपस्थित रहे। छह राजस्व संबंधित शिकायतों में दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया, जबकि चार शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एसडीएम अवनीश कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसएचओ रविंद्र सोनकर ने उपस्थित नागरिकों को विश्वास दिलाया कि हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। समयबद्ध तरीके से उसका समाधान किया जाएगा।

# दो घरों से 20 हजार रुपये व चार लाख के जेवर चोरी

संवाददाता, मितौली

● **गांव ओदरहा निवासी राजकुमार और दयाशंकर के मकानों को बनाया निशाना**

**अमृत विचारः** थाना मितौली क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की गश्त व्यवस्था को धता बताते हुए शुक्रवार की रात गांव ओदरहा के दो घरों में धावा बोल दिया। चोर अलमारी व बक्सों आदि का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये की नकदी और करीब चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

गांव ओदरहा निवासी राजकुमार और दयाशंकर का मकान साधन सहकारी समिति के पीछे है। शुक्रवार की रात चोर घर के बाहर बने शौचालय के सहारे छत पर आ गए और जीने के रास्ते घर के अंदर दाखिल हो गए।

कमरों के अंदर रखी अलमारियां, सुटेक, बक्सों आदि का ताला तोड़ दिया। चोरों दोनों घरों से करीब 20 हजार रुपये की नकदी और करीब चार लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए। घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने पर हुई। कमरों में बिखरा सामान देख परिवार वालों के होश उड़ गए। घरों की महिलाएं रोने-बिलखने लगीं। सुटकेश और बक्से गांव के बाहर खेत में खाली बरामद हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची।

निरीक्षण कर परिवार वालों और आसपास के ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी ली। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उधर, चोरी की वारदात होने के बाद से ग्रामीणों ने पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली में दी तहरीर में बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भोपतपुर निवासी रामकुमार ने बताया कि उनका पुत्र आदर्श राठौर बाइक से बरेली जा रहा था। बरेली मार्ग पर ग्राम गोवलपतीपुरा के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। बाइक ट्रैक्टर में उलझ गई। ट्रैक्टर चालक उनके बेटे को काफी दूर बाइक समेत घसीटता ले गया। पुत्र को गंभीर चोट आई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुत्र का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# मोहर्रम के पहले दिन ही बजे ढोल ताशे

**मैलानी, अमृत विचारः** मोहर्रम शुरू होते ही अकीदतमंदों ने ढोल ताशे बजाना शुरू कर दिया। शुक्रवार को मोहर्रम की पहली तारीख थी। मोहल्ला गौतम नगर में ताजियादारों में मुस्तफा शाह, लियाकत अली, और सभासद पति मुस्ताक अली ने बताया नगर पंचायत मैलानी में मोहर्रम की सात और 9 तारीख बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। मोहर्रम की 10 तारीख को ताजिये सुपुर्देखाक होते हैं। ढोल ताशे बजाने में बाबू, मोहम्मद्दीन, मास्टर, लियाकत शाह, सुबराती शाह , मुस्तफा शाह, सोनू सलमानी ,यूनुस अली, नवाब शाह, अरवाज मंसूरी ,युसूफ अली, सहित अन्य अक़ीदतमंद मौजूद रहे।

# किरकिरी के बाद हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रोशननगर

● **लापरवाही पर विवेचक मोहम्मद कलाम हुए थे सस्पेंड**

**अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी विपिन कुमार को पुलिस ने बांका के साथ गिरफ्तार कर चालान भेजा है। धाराओं में फेरबदल करने व आरोपी को गिरफ्तार न करने में एसआई मोहम्मद कलाम सस्पेंड हुए थे।

थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर में 18 मई को अजीत कुमार और विपिन कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। इस मारपीट में अजीत कुमार को गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उप निरीक्षक मोहम्मद कलाम को सौंपी थी। अजीत कुमार ने एसपी से भेंट कर आरोप लगाया था कि विवेचक मोहम्मद कलाम ने गंभीर धाराएं हटा दीं। जांच के बाद एसपी संकल्प शर्मा ने उप निरीक्षक कलाम को सस्पेंड किया था, जिससे हैदराबाद पुलिस की किरकिरी हुई। अब पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित विपिन कुमार निवासी भरतपुर को बांका के साथ गिरफ्तार कर चालान भेजा है।




# सर्वाधिक कर देने पर व्यापारियों को डीएम ने दिया प्रशस्ति पत्र


मूसाराम इंटरप्राइजेज के देशदीपक अग्रवाल को सम्मानित करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **दानवीर भामाशाह जयंती पर मनाया व्यापारी कल्याण दिवस**

**अमृत विचारः** दानवीर भामाशाह की जयंती पर शनिवार को कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। इसमें जिला प्रशासन एवं राज्य कर विभाग ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद व्यापारियों को सीएम योगी का लाइव संबोधन सुनाया गया। सीएम ने भामाशाह के राष्ट्रभक्त चरित्र एवं ऐतिहासिक भूमिका की जानकारी दी। डीएम ने कहा कि भामाशाह का त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा भाव से लोगों को प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। डॉ. इरा श्रीवास्तव ने दानवीर भामाशाह के जीवन मूल्यों, राष्ट्रभक्ति एवं समाजसेवा के कार्यों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भामाशाह जैसे महान दानवीरों के कारण देश ने कई बार संकटों से मुक्ति पाई थी। इस मौके पर उपायुक्त राज्यकर राजनाथ तिवारी, चरण सिंह वर्मा, सहायक आयुक्त सत्य प्रकाश पांडे, भानु प्रकाश, चंद्रभानु सरोज, राज्य कर अधिकारी बैजनाथ, अवनीश चौधरी, रामप्रसाद, सुंदरलाल, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं व्यापारी रहे।

डीएम एवं पालिका अध्यक्ष ने सर्वाधिक कर देकर समाज में विशेष योगदान देने वाले मूसाराम इंटरप्राइजेज के दिनेश अग्रवाल, मूसाराम ऑटो सेल्स के देश दीपक अग्रवाल, जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आलोक सक्सेना, यूएस ऑटोमोबाइल एवं नारायण ऑटोमोबाइल के मालिकों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना खीरी क्षेत्र के गांव निकटी निजामपुर युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटका हुआ बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना खीरी क्षेत्र के गांव निकटी निजामपुर निवासी नेकराम (34) शुक्रवार की देर शाम घर से गया था। जब वह काफी देर तक घर नहीं आया तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। रात करीब 11 बजे गांव के बाहर स्थित वीरबाबा स्थान के पास में लगे आम के पेड़ से उसका लटका हुआ शव बरामद हुआ। शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार वालों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया है।



